हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

12 पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व भाई के बीच...



12 नारी शक्ति व संस्कारों को समर्पित शिक्षा दे रही है...



विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी: विधायक

# महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 6 करोड़ रुपये की लागत से 17 ग्राम पंचायतों के कच्चे रास्ते को मिली मंजूरी, ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**लंबे समय से रास्ता कच्चा होने से ग्रामीणों को उठानी पड़ रहीं थी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विधानसभा क्षेत्र के 17 ग्राम पंचायतों के कच्चे रास्ते को लेकर सरकार की तरफ से अच्छी खबर हैं। सरकार की ओर से छह करोड़ रुपये की लागत से कच्चे रास्ते का निर्माण करवाया जाएगा। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद 17 गांवों के ग्रामीणों को आने जाने में काफी फायदा मिलेंगा।

कच्चा रास्ता होने से लोगों का आना जाना हर वक्त लगा रहता है। इसके अलावा इन सभी कच्चे रास्ते पर हर वक्त धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। जिससे लोगों को यहां से गुजरने में परेशानी उठानी पड़ती है। रास्ता कच्चा होने से बरसात के दिनों यहां कीचड़ ब रहता है।

लोगों को उन दिनों और परेशानी झेलनी पड़ती है। जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे रास्ते से न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि हादसा होने का डर बना रहता था।

इन सभी गांव के ग्रामीण लंबे समय से रास्ते का निर्माण करने की मांग कर रहे थे, अब सरकार की ओर से 17 गांव के कच्चे रास्ते को पक्का करने की मंजूरी मिलने से ग्रामीणों को काफी फायदा मिलेगा। सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्य जल्द करवाया जाएगा।

**इन गांवों के रास्ते को मिली मंजूरी**

*सरकार की ओर से ग्राम पंचायत आदलपुर, पाली, देवनगर, निम्बेहड़ा, पालड़ी पनिहारा, खुड़ाना, झूक, देवास, नांगल सिरोही, बेरी, जोनावास, कोथल कलां, माजरा खुर्द, गढ़ी, श्यामपुरा, डिगरोता गांव के कच्चे रास्ते को पक्का करने की मंजूरी मिली।*



महेंद्रगढ़। कच्चे रास्ते का फाइल फोटो। फोटो: हरिभूमि

**क्या कहते हैं विधायक**



विधायक कंवर सिंह यादव के प्रयासों से सरकार ने इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दी है। विधायक ने बताया कि लंबे समय से किसान खेतों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना कर रहे थे, खासकर बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते आवागमन में बाधा बनते थे। उन्होंने कहा कि पक्के रास्ते बनने से न केवल किसानों को सुविधा मिलेगी। बल्कि कृषि कार्यों में भी तेजी आएगी और ग्रामीण विकास को मजबूती मिलेगी। विधायक ने इस स्वीकृति के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे।

विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि आने वाले समय में महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जनता की जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है और आगे भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव पालड़ी पनिहार में सैटरिंग का सामान उतारते समय एक मजदूर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बसई के लगभग 37 वर्षीय मामन के रूप में हुई है। हादसा गांव पालड़ी पनिहार में एक मकान की छत से सैटरिंग खोलते समय हुआ। मनोज ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह और उसका बड़ा भाई मामन 29 दिसंबर को गांव पालड़ी पनिहार में विकास के घर पर मजदूरी कर रहे थे। शाम के समय मामन मकान की छत पर लगी सैटिरंग खोल रहा था। इसी दौरान एक लोहे की चादर मकान के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली के तारों से टकरा गई, जिससे मामन को करंट लग गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामन शादीशुदा था और उसके दो छोटे लड़के हैं।

### बाइक चलाते समय जेब में रखा मोबाइल फोन फटा

**नारनौल।** बाइक चलाते समय जेब में रखा मोबाइल फोन फट गया। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया गया। गांव बलाना निवासी सचिन कुमार महेंद्रगढ़ से नारनौल की ओर आ रहा था। इस दौरान वह मोबाइल फोन पर कान में कोई डिवाइस लगाकर बात कर रहा था, जबकि मोबाइल उसकी पेंट की जेब में रखा हुआ था। बात करते-करते उसका मोबाइल फोन फट गया। मोबाइल फटने की वजह से वह असंतुलित होकर बाइक समेत सड़क पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसको सड़क से उठाया और एंबुलेंस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसको इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया।

## प्रदेश के 22 में से 14 अस्पताल ही उतरे खरे, पड़ोसी रेवाड़ी फिसड्डी

# नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टैंडर्स के आधार पर नागरिक अस्पताल ने स्टेट में किया क्वालीफाई

यह सर्टिफिकेशन गत 27 और 28 नवंबर को जिला झज्जर और फरीदाबाद से आए चिकित्सकों के पैनल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के पैरामीटर चेक करने के बाद किया गया है जारी

राजकुमार ▶▶ नारनौल





नारनौल। जिला नागरिक अस्पताल। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर ने बीते दिवस स्वास्थ्य सेवाओं का सर्टीफिकेशन परिणाम जारी किया है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले के नागरिक अस्पताल नारनौल को नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टैंडर्स के आधार पर सर्टीफिकेशन प्राप्त हुआ है। यह सर्टिफिकेशन गत 27 और 28 नवंबर को जिला झज्जर और फरीदाबाद से आए चिकित्सकों के पैनल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के पैरामीटर चेक करने के बाद जारी किया गया है। इस प्रकार जिला नागरिक अस्पताल ने नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टैंडर्स के अनुसार हर साल अलग–अलग विभाग का सर्टिफिकेशन किया जाता है। इसमें स्वास्थ्य सेवाएं भी शामिल हैं। जिसकी शुरूआत जिला स्तर से होती है। जिला स्तर पर क्वालीफाई करने पर स्टेट प्रतियोगिता में भाग लेना होता है। इसी सर्टिफिकेशन के लिए गत 27 व 28 नवंबर को झज्जर एवं फरीदाबाद से आए चिकित्सकों के पैनल ने जिला नागरिक अस्पताल का सर्वे किया था।

पैनल ने अस्पताल स्टॉफ से सवाल-जवाब किए और उनकी ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी, उपकरणों के रखरखाव और उपयोग की जानकारी हासिल की। इसके अलावा, मरीजों के व्यू भी लिए गए कि उन्हें अस्पताल में किस प्रकार की सुविधा मिल रही है। उसी सर्वे के आधार पर स्टेट क्वालीफाई किया है। स्टेट के बाद नेशनल का मौका मिलता है। यही मौका जिला नागरिक अस्पताल को मिला है। जो बड़े गौरव की बात है। इस सर्टिफिकेशन में नारनौल अस्पताल को 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त हुए हैं, जबकि सर्टिफिकेशन क्वालीफाई के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। इस प्रकार वर्ष 2026 में नेशनल क्वालीफाई करना होगा। प्रदेश में 22 गजेटिड अस्पताल हैं, जिसमें से केवल 14 ही सर्टिफाइड अस्पताल हैं। उन सर्टिफाइड अस्पतालों में से एक जिला नागरिक अस्पताल नारनौल है।

कमाल की बात है कि पड़ोसी जिला रेवाड़ी का नागरिक अस्पताल भी स्टेट सर्टिफाइड अस्पताल नहीं बना पाया है, जबकि रेवाड़ी जिला विकास की दृष्टि से नारनौल की तुलना में कहीं आगे माना जाता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत एवं लगन इस मामले में रंग लाई है तथा नारनौल को यह गौरव प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है।

**यह बोले चिकित्सा अधिकारी**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. विजय डबास ने इस उपलब्धि का श्रेय सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार, एमएस डा. आशा शर्मा, स्वयं डा. डबास एवं अस्पताल के मेहनती चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को देते हुए बताया कि इसे टीम के रूप में बड़ी उपलब्धि माना जाना चाहिए। नागरिक अस्पताल को यह सर्टिफिकेशन मिलने से स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की उम्मीद है। यदि हम नेशनल में भी क्वालीफाई करते हैं तो उम्मीद है कि बहुत सारा बजट हमारे अस्पताल को मिले और इसकी पूर्ण रूप से कायाकल्प हो जाए।

**अबकी बार बदले हालात**

नारनौल अस्पताल का स्टैंडर्ड सुधारने में यहां के स्वास्थ्य अधिकारियों की बड़ी भूमिका रही है। अबकी बार प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी सरकार ने भी सरकारी अस्पतालों की सुविधाएं प्राइवेट नामचीन अस्पतालों की भांति बेहतर बनाने के लिए बजट जारी किया और इस बजट को नारनौल अस्पताल के अधिकारियों ने हाथोंहाथ लपकने का कार्य किया। यही वजह है कि अब नागरिक अस्पताल की कायाकल्प की जा रही है। ट्रामा सेंटर जहां नए भवन में चालू हो गया है, वहीं अस्पताल के पुराने भवन को भी नया रूप दिया जा रहा है। उसकी सजावट पर काम किया गया है और उसे पहले से बेहतर एवं प्राइवेट अस्पतालों जैसा स्टैंडर्ड वाला अस्पताल बनाया गया है, जिस पर अब भी काम जारी है।

**पिछले साल थी हालत खराब**

यहां गौर करने वाली बात यह है कि यह सर्टिफिकेशन पिछले साल भी हुआ था, लेकिन उस सर्टिफिकेशन में नारनौल अस्पताल की हालत काफी खराब थी और इसको महज 39 अंक ही प्राप्त हुआ था। स्थिति यह थी कि स्टेट के जो अस्पतालों की सूची थी, उसमें निचले पायदान से नारनौल महज एक पायदान ही ऊपर था और फिसड्डियों में गिना गया था।





मंडी अटेली। हादसे में क्षतिग्रस्त कैंटर व ट्रक की केबिन। फोटो: हरिभूमि

## कोहरे का असर 152-डी पर 5 वाहन टकराए, एक चालक कैबिन में फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

सर्दी के साथ घने कोहरे ने मंगलवार प्रातः दस्तक दी। कोहरे की दस्तक से लोगों ही नहीं, सड़कों पर वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत वाहन चालकों को हो रही है। सोमवार मध्य रात्रि लगभग साढ़े 11 बजे को नारनौल-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे 152 डी पर सिहमा की बणी के समीप करीब चार से पांच वाहन आपस में टकरा गए। वहीं इस हादसे में एक कैंटर का केबिन एवं एक ट्रक की केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक कैंटर का केबिन चालक हल्का सा घायल हुआ है। रात्रि को इस हादसे की टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिहमा में बाहर खेतों में रह रहे लोगों को चीखने एवं चिल्लाने की आवाजें साफ सुनाई दे रही थी। वहीं खेतों में पानी दे रहे किसान इन आवाजों को सुनकर मौके पर नारनौल–चंडीगढ़ नेशनल हाईवे 152 डी पहुंचकर ट्रक में फंसे हुए चालकों को निकाला। सूचना मिलने पर फैजाबाद एवं अटेली पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एक चालक को प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारु कराया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा था।

**खोड़ के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत**

नारनौल रेवाड़ी नेशनल हाईवे नंबर 11 पर खोड़ के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अटेली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सुरजन वास निवासी करीब 50 वर्षीय भोलाराम पुत्र जगन सिंह रात्रि आठ बजे करीब बाइक पर सवार होकर बाछौद अपनी बेटी के संक्रांत देकर वापस अपने घर लौट रहा था। नेशनल हाइवे 11 नारनौल–रेवाड़ी रोड पर गांव खोड़ के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भोलाराम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। अटेली पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## रिटायर्ड फौजी का फोन हैक कर साइबर ठग ने खाते से निकाले 61,500 रुपये

**महेंद्रगढ़।** साइबर ठगों ने अब सीधे फोन हैक करके ठगी करने का नया तरीका अपनाया है। ताजा मामला थाना सदर के अंतर्गत आने वाले गांव कुरहावटा का है, जहां आर्मी इंजीनियर कोर से रिटायर्ड फौजी गजराज सिंह साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने बैंक कस्टमर केयर का झांसा देकर उनके और उनके पिता के खातों से कुल 61,500 रुपये साफ कर दिए। पीड़ित गजराज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते 11 नवंबर की सुबह उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एसबीआई बैंक का प्रतिनिधि बताया और क्रेडिट कार्ड ऑफर करने की बात कही। जैसे ही उन्होंने बात करना शुरू किया, अचानक उनके फोन की स्क्रीन ब्लैक हो गई और उस पर अपडेटिंग लिखा आने लगा। इस दौरान फोन पूरी तरह लॉक हो गया। न तो कॉल कट रही थी और न ही फोन बैक हो रहा था। करीब आधे घंटे बाद जब फोन सामान्य हुआ, तो गजराज सिंह के पैरों तले जमीन खिसक गई।

**प्रदेश में सबसे ठंडा रहा नारनौल, पारा 3.8 डिग्री**

**नारनौल।** हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ज्यादा ठंडी रात नारनौल में रही, यहां का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं महेंद्रगढ़ में रात्रि तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में हाड़कंपा देने वाली ठंड अपना सितम लगातार जारी है। वहीं दिन व रात के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि इस साल दिसंबर महीने आमतौर पर शुष्क बना रहा, क्योंकि इस साल दिसंबर महीने में बारिश की गतिविधियां नदारद रही और दिसम्बर महीने की विदाई आज हो जाएगी, लेकिन नया साल जनवरी महीने की शुरूआत व स्वागत हल्की बारिश से होगा। इसके बाद हाड़कंपा देने वाली ठंड का आगाज होगा। वहीं 31 दिसम्बर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान में हल्की बढ़त व दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। इसके बाद दो दो जनवरी से ठंड एक बार फिर से अपने तेवरों को प्रचंड बनाएगी।

## जिला नगर योजनाकार ने अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कॉलोनी में तोड़फोड़ करती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार नारनौल की टीम द्वारा मंगलवार को शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई रिवासा–खायरा रोड पर राजस्व संपदा खायरा स्थित लगभग दो एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में की गई। विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। लगभग दो एकड़ भूमि में बनी पांच डीपीसी (डम्प प्रूफ कोर्स), चार बाउंड्री वॉल सहित कॉलोनी के सभी आंतरिक रोड नेटवर्क को उखाड़ दिया गया। यह पूरी तोड़फोड़ की कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सतेंद्र कुमार, सहायक नगर योजनाकार नारनौल की अगुवाई में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी रही और जिला प्रशासन का पूरा सहयोग लिया गया। जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने आम जनता से अपील की है कि नियंत्रित क्षेत्र या शहरी क्षेत्र में बिना विभागीय अनुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण न करें। उन्होंने कहा कि कृषि भूमि को रिहायशी या वाणिज्यिक उपयोग में बदलने से पहले निदेशक, नगर और ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चंडीगढ़ से लाइसेंस व अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली निगम का जेई सुनील हुआ ठगों का शिकार, सवा लाख का चूना लगाया

- महावीर चौक से बस स्टैंड रोड के बीच बने एचडीएफसी बैंक के बूथ पर एटीएम फंसने पर ठगों ने बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देते दो ठग। फोटो: हरिभूमि

बिजली निगम के जेई सुनील कुमार एटीएम ठगों की धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। ठगों ने उन्हें बूथ में एटीएम फंसने पर बैंककर्मी बनकर झांसा दिया और फिर एटीएम अन्य बैंकों के बूथों पर इस्तेमाल करके करीब एक लाख रुपये निकाल लिए और फिर उनके ही एटीएम से पास ही स्थित शोरूम से ब्रांडेड कपड़ों एवं जूतों की खरीद की। इस प्रकार ठगों ने उन्हें 1,22,700 रुपये का चूना लगा दिया। कमाल की बात है कि साढ़े चार बजे से छह बजे के बीच कोई सिक्योरिटी गार्ड बूथ पर मौजूद नहीं था और न ही कोई बैंक कर्मी उसे चेक करने आया।

हुआ यूं कि बीते दिवस सोमवार को बिजली निगम के जेई सुनील कुमार को कुछ कैश की जरूरत पड़ गई। इस पर वह सायं करीब साढ़े चार बजे बस स्टैंड के पास वाले एचडीएफसी बैंक के बूथ पर गए। बूथ ने उन्होंने अपना एचडीएफसी बैंक का ही एटीएम इस्तेमाल किया तथा वहां पैसे निकालने के लिए मशीन में लगा दिया। पैसे निकालने पर जब वह एटीएम निकालने लगे, तब वह एटीएम वहीं फंस गया और नहीं निकला। एटीएम फंसने पर उन्होंने बूथ के अंदर ही शिकायत नंबर देखना चाहा, जिस पर वहां की दीवार पर एक गत्ते के सफेद टुकड़े पर नंबर लिखे हुए थे, वह चिपका हुआ मिला। उन नंबरों पर संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताया तथा एटीएम फंसने से संबंधित बातें करना लगा और उलझाए रखा। जब शाम के करीब छह बज गए, तब उक्त बात कर रहे ठग ने जेई सुनील को आश्वस्त किया कि अब एटीएम नहीं निकलेगा और वह सुबह दस बजे आ जाएं। तब उनको यह एटीएम निकालकर दे दें।

# नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानदारों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। अभियान के दौरान बाजार से रेहड़ी लेकर भागता रेहड़ी चालक। फोटो: हरिभूमि

नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से नियमों का पालन करने और सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित न करने की अपील की। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका टीम द्वारा मंगलवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम ने विभिन्न बाजारों में दौरा कर दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया। टीम के बाजार में आने से दुकानदारों में हडकंप मच गया। नगर पालिका अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए अभियान का उद्देश्य सड़कों को खाली कराना और यातायात जाम से निजात दिलाना है। वहीं अतिक्रमण विरोधी टीम ने मुख्य बाजारों के दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान कई दुकानों के बाहर पड़ा सामान जब्त किया गया। यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर शंकर मार्केट, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, सीएसडीए कैंटीन, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक से वापिस आंबेडकर चौक से नगर पालिका कार्यालय में जाकर समाप्त हुआ। इसके साथ ही आगे से रोड पर अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया।

**दुकानदारों की होगी जिम्मेदारी**

सफाई दरोगा अनिल व सुमित उर्फ रिंकू ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाजार में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका से शुरू होकर, शंकर मार्केट, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, सीएसडीए कैंटीन, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक, अंबेडकर चौक से अतिक्रमण को हटवाया गया है। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान खुद हटा लिया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी की भविष्य में पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति का सामान रोड पर मिलता है तो उसे पालिका उठवा लेगी, जिसकी जिम्मेवारी स्वयं की होगी।

**वाहन रोड पर खड़े करके चले जाते हैं**

शहर में जाम का एक मुख्य कारण यह भी है कि सामान खरीदने वाले लोग अक्सर अपने वाहन सड़क पर खड़े करके खरीददारी में व्यस्त हो जाते हैं। सिनेमा रोड, सीएसडी कैंटीन रेलवे रोड, आईटीआई के पास बैंक होने के चलते उपभोक्ता अपने वाहन व दोपहिया वाहन को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। जिसके चलते जाम लग जाता हैं। अगर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों का चालान किया जाए तो काफी हद तक जाम से मुक्ति मिल सकती है। हालांकि नगर पालिका की ओर से शहर में तीन जगह पार्किंग की व्यवस्था की हुई है, लेकिन वाहन चालक भी अपने वाहन रोड पर खड़ी करके चले जाते हैं।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टाटर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।

लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन'साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन'अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं, पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं।



लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।

## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।




# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।



***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

***मुंबई।*** *साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

***नई दिल्ली।*** *साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।





**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।

**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर में सड़क सुरक्षा नियमों के दिए टिप्स

**भिवानी।** गांव दुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में मंगलवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर प्राचार्य सतीश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयवीर सोलंकी के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर यूथ फॉर माई भारत की विशेष थीम पर आधारित रहा। शिविर के पहले दिन का मुख्य केंद्र बिंदु सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम रहे। प्राचार्य सांगवान ने कहा कि एनएसएस शिविर सात दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है।

### रेवाड़ी खेड़ा में यज्ञ के साथ कथा का समापन

बवानीखेड़ा। गांव रेवाड़ी खेड़ा में 21 दिसंबर से आयोजित संगीतमय मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का आज हवन यज्ञ के साथ समापन किया गया। आचार्य रमाकांत तिवारी महाराज ने कहा कि 21 दिसंबर से रेवाड़ी खेड़ा गांव में राम कथा का शुभारंभ किया गया था। और 21 दिसंबर को शिव मंदिर से मैरिज हॉल तक कलश यात्रा निकाली गई। और आकर्षक झाकिया भी निकल गई। उन्होंने कहा कि राम कथा करने का उद्देश्य यही है कि हमें उनके बारे में जानने का मौका मिले। हम उनके बारे में जान सके। ग्राम पंचायत रेवाड़ी खेड़ा की तरफ से आचार्य रमाकांत तिवारी का स्वागत भी किया गया। आज 30 दिसंबर को हवन यज्ञ के साथ राम कथा का समापन किया।

### एनएसएस विशेष शिविर में बच्चों को दी जानकारी

**बवानीखेड़ा।** रामॉसंवमा विद्यालय, बवानी खेड़ा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना ) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। यह समस्त गतिविधियाँ विद्यालय प्राचार्या श्रीमती संतोष भाकर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। दिन की शुरुआत एनएसएस गीत एवं राष्ट्रगान से हुई, इसके पश्चात स्वयंसेवकों को योग अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर फर्स्ट एड लेक्चरर श्री सोनू कुमार ने स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### गांव पुर में अभियान चला कर किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** गांव पुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति, लीव इन रिलेशन, सेम गोत्र विवाह, आस-पड़ोस में विवाह आदि को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें समाजसेवी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक डॉ. राजेश सनसनीवाल ने पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया आज नशे ने हमारे चारों और पांव पसार लिए हैं। बच्चे युवावस्था में ही नशे का सेवन कर रहे हैं जिससे उन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि आज के युवा अपने परिजनों से छिपकर लीव एंड रिलेशन में रहने लगते हैं जिससे परिजनों को शर्मशार होना पड़ता है व समाज में उनकी मर्यादा समाप्त हो जाती है।

# 10 दिनों तक सुलगती रही मनीषा हत्याकांड की आग

# एसपी और चार पुलिस अधिकारियों पर गिरी गाज

**अलविदा 2025**

## मुख्यमंत्री सैनी के सीबीआई और एम्स में पोस्टमार्टम के ट्वीट पर मामला शांत

**भिवानी।** ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा हत्याकांड ने पूरे प्रदेश की सरकार को झकझोर कर दिया। विपक्षी पार्टी के नेता व सामाजिक संगठनों ने खूब राजनीति रोटियां सेंकी। अंदरखाते राजनेताओं व सामाजिक संगठनों के आंदोलन के बाद मामला करीब दस दिनों तक चलता रहा। 11 अगस्त को लापता हुई मनीषा का 13 अगस्त को खेतों में शव मिला। लोगों ने रोड जाम किया, धरने शुरू हो गए। 15 अगस्त को विपक्षी पार्टी के नेताओं का हस्तक्षेप बढा तो दोबारा शव का पोस्टमार्टम कराने की बात आगे आ गई। बढ़ते दबाव के बाद सरकार को भिवानी का एसपी का तबादला के साथ साथ चार पुलिस अधिकारियों पर सस्पेंड होने की गाज गिरी।

18 अगस्त को पुलिस ने सुसाइड नोट को उजागर किया तथा 18 व 19 अगस्त को नए एसपी व उपायुक्त ने पीड़ित परिवार तथा नवगठित कमेटी के सदस्यों के साथ बातचीत कर रोहतक पीजीआई में दोबारा शव का पोस्टमार्टम करवाया। 19 अगस्त को सुबह मृतका के परिजन अंतिम संस्कार के फैसले से मुकर गए और ढिगावा की बजाय गांव ढाणी लक्ष्मण में ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। 19 अगस्त की रात को ग्रामीणों ने सीबीआई से मामले जांच तथा एम्स में रि पोस्ट मार्टम कराने की बात रखी। जिस पर रात को ही सीएम नायब सिंह सैनी ने टवीट कर सीबीआई से मामला सौंपने व एम्स दिल्ली में दोबारा पोस्टमार्टम कराने पर सहमति दे दी। 21 अगस्त को गांव में अंतिम संस्कार किया गया।





**भिवानी।** खेतों में पड़ा मनीषा का शव व हत्याकांड के बाद उग्र भीड़ को शांत करने के लिए दूसरों की जिलों की पहुंची पुलिस। फाइल फोटो

### दो बच्चों की मां व अविवाहित प्रेमी ने किया सुसाइड, प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला



**चरखी दादरी।** दादरी जिले के गांव हुई में गत 16 मार्च को एक घर में प्रेमी जोड़े का शव मिला था। युवक का रसोई व महिला का शव छत पर मिला है। शव मृतक महिला शांति देवी के घर से बरामद हुए थे। शव मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया। गांव हुई निवासी संदीप ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी शांति और दो बच्चों के साथ सो रहा था, जबकि उसके माता पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे उठा तो उसकी पत्नी शांति कमरे में नहीं थी और बाहर से कुंडी लगी हुई थी। जब उसने आवाज लगाई तो उसकी मां ने बाहर से कुंडी खोली तब वह बाहर निकला। इसके बाद वह रसोई की तरफ गया तो युवक की लाश पड़ी थी, लेकिन पत्नी दिखाई नहीं दी। जब मकान की छत पर गया तो उसकी पत्नी शांति भी मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतक युवक की पहचान भिवानी जिले के गांव ओबरा निवासी दीपक के रूप में हुई। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मृतक युवक की शिनाख्त के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी।

**धनाना गांव में रोंगटे खड़े कर देना वाला सनसनीखेज मामला**

### बाप ने ही नाबालिग बेटे व बेटी को उतारा मौत के घाट

भिवानी। आठ जून को धनाना गांव में रोंगटे खड़े कर देना वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने ही अपने दो नाबालिग बेटा व बेटी की तार से घटा घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी सुभाष ने पहले अपने दोनों बच्चो को नशे की दवाई दी और फिर तार से दोनों का गला घोंट दिया। इसके बाद खुद भी उसने सल्फास की गोली खाकर जान देने की कोशिक की थी, लेकिन घर में भतीजे के आने के बाद उसने परिजनों को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था, जहां आरोपी सुभाष की हालत भी नाजुक बनी हुई थी। धनाना के काल्याण पाना निवासी करीब 40 वर्षीय सुभाष ने अपने नाबालिग बेटे 17 वर्षीय बसंत व 16 वर्षीय बेटी आरूषि की हत्या कर दी। आरोपी सुभाष के अनुसार उसकी पत्नी की मौत एक माह पहले आठ मई को हुई थी, जिसके लिए उसने अपनी मां को जिम्मेदार बताया है। उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी के वियोग में ऐसा कदम उठाया है। सुभाष ने बताया कि उसने ही अपने दोनों बच्चो को मारा है और खुद भी सल्फास खाई है। आरोपी सुभाष ने आम के सेक में जहरीला पदार्थ पिलाया और फिर तार से दोनों का गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। सुभाष के अनुसार उसने खुद भी जहर खाया और फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने वाला था, तभी उसका भतीजा घर आ गया। उसने आनन फानन में आस पड़ोस में बताया, फिर पुलिस आई और सुभाष को संदिग्ध हालत में भिवानी नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। आरोपी सुभाष ने बताया कि वो अपनी जिंदगी आराम से जी रहा था, पर उसकी मां व पत्नी का अक्सर झगड़ा होता था, जिसके चलते पिछले माह आठ मई को उसकी पत्नी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई। फिलहाल सदर थाना पुलिस आरोपी सुभाष का उपचार करवा रही है। सदर थाना एसएचओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी सुभाष ने अपने दोनों बच्चों की हत्या की है, वो खुद भी संदिग्ध हालत में है, जिसका उपचार चल रहा है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल मृतक बच्चों की दादी की शिकायत पर सुभाष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### दिल्ली-पिलानी एनएच को साढ़े पांच घंटे रखा जाम, अंतिम संस्कार करने से इनकार



**भिवानी।** 16 सितम्बर को गांव जुई में जमीनी विवाद के चलते 29 वर्षीय कर्ण सिंह की सोमवार को मौत हो गई, जिसके रोषस्वरुप परिजनों व ग्रामीणों ने दिल्ली-पिलानी नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने दिल्ली-पिलानी नेशनल हाईवे को करीब साढ़े पांच घंटे जाम रखा और आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक कर्ण सिंह के शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। जाम की सूचना पर एसपी व डीएसपी मौके पर पहुंचे और परिजनों व लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद बावजूद परिजन व ग्रामीण सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। उल्लेखनीय हैं कि जमीनी विवाद के चलते 28 जुलाई को जुई निवासी 29 वर्षीय कर्णसिंह पर हमला हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी 15 सितंबर सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। करीब डेढ़ माह तक दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद उसने दम तोड़ दिया। कर्ण सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और सोमवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली–पिलानी नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया।

## नीमड़ बडेसरा के ग्रामीणों ने चकबंदी कार्य में मनमानी बरतने का लगाया आरोप

# पंचायत की अगुवाई में सीएम, सांसद विधायक और डीसी को भेजा ज्ञापन

**रकबे को अलग । अलग हिस्सों में विभाजित करने के लिए पांच से छह साल से चक्कर लगा रहे**

■ किसानों ने जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव नीमड़ बडेसरा के किसानों ने उपमंडल कार्यालय पहुंचकर चकबंदी कामकाज में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मनमानी बरतने व जनहित से जुड़ी योजनाओं को लागू नहीं करने का आरोप लगाए और उनके साथ न्याय करने की अपील की,जिसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम के रीडर कपिल को मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक व डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा।



**भिवानी।** एसडीएम प्रवाचक को ज्ञापन देते नीमड़ बड़ेसरा के ग्रामीण।

उपमंडल कार्यालय में सरपंच कमलेश देवी, चकबंदी कमेटी अध्यक्ष अर्जुन सिंह, नंबरदार इंदराज सिंह, एडवोकेट श्रीमराम, मास्टर सूबेसिंह जाखड़, सुनील पूर्व सरपंच, मास्टर सूबेसिंह, सोमबीर पंच, पंच सुरेंद्र सिंह, कमलसिंह, अजीत सिंह, मास्टर जयभगवान, रणधीर सिंह, शिवकुमार, सुभाष देवी, रामकिशन, संजय, बलबीर सिंह, करतार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह, मनोज, नरेद्र सिंह, संतोष देवी, प्रवीण कुमार, रामफल सिंह, अमित कुमार, रामबीर, राजेश कुमार, मुकेश कुमार,अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह आदि की अगुवाई में पहुंचे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें पहले दिन बताया गया कि उनके गांव को साथ लगते गांव बेरला व कादमा से जोड़ा जाएगा, लेकिन अब अधिकारियों ने बिना कोई विचार विमर्श उनके भविष्य के लिए परेशानी पैदा करने के लिए दोनों गांवों के रास्तों को उनकी सीमा से सौ मीटर तक दूर ही बंद कर दिया,जबकी इन गांवों से बहुत बड़े स्तर पर आवागमन है और चकबंदी अधिकारी फैसलें पर बदलाव करने से साफ मना कर रहे हैं।

वहीं गांव की फिरनी को सवा दस मीटर चौड़ा करने की बजाय कई जगह मनमर्जी से मात्र छह से सात मीटर चौड़ा ही कर दिया जो भविष्य के लिए बड़ी परेशानी बनेगा। ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि चकबंदी की स्कीमों का सार्वजनिक तौर पर प्रकाशन करने के साथ साथ ग्राम पंचायत व नंबरदारों को उपलब्ध करवाई जाए तथा अधिकारियों, कर्मचारियों को भूमालिकों के साथ अच्छी तरह बर्ताव करने की मांग करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपने परिवार या सगे संबधी के रिकार्ड का अवलोकन करना चाहे उसको विभाग रिकार्ड दिखाने का काम करें।

#### वर्ष 2019 से चकबंदी कार्य चल रहा

*गांव में वर्ष 2019 से चकबंदी कार्य चल रहा है और ग्रामीणों ने आपसी सहमति से सात लाख रुपये भी एकत्रित कर विभाग को दिए, लेकिन अब विभाग ने न चकबंदी कार्य में किसी भी व्यक्ति से सलाह मशवरा किया और न चकबंदी की स्कीमों से अवगत करवाया। साठ फीसदी से अधिक ग्रामीणों के आपसी खातों को ही अलग अलग नहीं किया गया है। वहीं कई किसान तो सहमति के बावजूद मल्कियत के रकबे को अलग अलग हिस्सों में विभाजित करने के लिए पांच से छह साल से चक्कर लगा रहे हैं।*



**नारनौल।** काजल कुमारी को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्ण स्कूल में एल्यूमनी छात्रा काजल को किया सम्मानित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका की पूर्व छात्रा काजल कुमारी को दिल्ली यूनिवर्सिटी में भौतिक विज्ञान की सहायक प्रोफेसर बनने पर स्कूल में सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है कि स्कूल के विद्यार्थी देश में बड़े पदों पर कार्यरत होकर देश की सेवा कर रहे हैं। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने काजल को बधाई दी। उप प्राचार्य संदीप खैरवाल ने कहा कि काजल कुमारी की उपलब्धि पर हमें गर्व है। काजल ने अपनी मेहनत व लगन से दिल्ली यूनिवर्सिटी में भौतिक विज्ञान की सहायक प्रोफेसर बनने का सपना पूरा किया है। इस उपलब्धि से स्कूल का नाम रोशन हुआ है व विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य छात्रों को न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें जीवन के लिए तैयार करना भी है। काजल कुमारी की उपलब्धि से यह साबित होता है कि मेहनत और लगन से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।



**नारनौल।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बाबा खेतानाथ स्कूल सिहमा में राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कर्सिव राइटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीन ग्रुप बनाए गए, जिसमें कक्षा पहली से दूसरी, तीसरी से पांचवीं व छठी से आठवीं कक्षा रही। प्रथम ग्रुप में भाविका सिहमा ने प्रथम, भाव्या सिहमा ने द्वितीय व तीसरे स्थान पर दृष्टि खासपुर रही। द्वितीय ग्रुप में हिमांशी सिहमा ने प्रथम, पूनम डेरोली जाट ने दूसरा, धरा सिहमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे ग्रुप में सपना सिहमा प्रथम, अदिति सिहमा द्वितीय, हर्षित राव डेरोली अहीर तीसरे स्थान पर रहा। संस्था के प्राचार्य राजेश ने बताया कि बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए करवाई गई कर्सिव राइटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संस्था के चेयरमैन विजय सिंह ने सभी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का आयोजन मनोज ने करवाया। जिसमें विक्रम, विकास, कृष्णा ने सहयोग किया।

### हरियाणा में मजबूत हुआ स्वास्थ्य ढांचा, मरीजों को मिल रहा बेहतर इलाजः एडवोकेट बबली यादव

**मंडी अटेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में चौथी बार सफल सिजेरियन डिलीवरी होने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का धन्यवाद देते हुए ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव



ने बताया स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की पहल से खासकर स्वास्थ्य शिविरों और सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को सिजेरियन डिलीवरी और अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाओं में बड़ी राहत मिली है, जहां अब गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दवाइयां और ऑपरेशन मुफ्त या रियायती दरों पर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे गरीब परिवार बिना खर्च के इलाज पा रहे है। वहीं मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में लगे स्वास्थ्य शिविरों में कई सिजेरियन ऑपरेशन सहित अन्य बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं। हरियाणा में स्वास्थ्य ढांचा मजबूत हो गया है। वहीं अटेली हल्के में सड़क विकास परियोजनाएं जल्द पूरा होने से क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी इससे नए यातायात की सुविधा बढ़ेगी बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# नासा अकादमी ने लेफ्टिनेंट धर्मवीर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नासा अकादमी ने अपने पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट धर्मवीर को सम्मानित किया। इस दौरान एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जीनियस एकेडमी के चेयरमैन अमित कुमार और मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्कूल चेयरमैन सतन सिंह चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने लेफ्टिनेंट धर्मवीर को सम्मानित किया। अकादमी अध्यक्ष सुरेश कुमार भगडाना ने बताया कि लेफ्टिनेंट धर्मवीर पूर्व में अकादमी के छात्र रहे थे और यहीं रहकर उन्होंने सैनिक स्कूल की परीक्षा पास की थी। उन्होंने अपने 12वीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल रेवाड़ी से की। धर्मवीर पढ़ाई में बहुत ही अव्वल विद्यार्थी थे।

धर्मवीर के भाई अजय भी आईएमए में प्रशिक्षण ले रहे हैं और दोनों भाइयों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा अकादमी से पास की थी। चीफ गेस्ट ने बताया की अकादमी इस क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। हर साल अनेक छात्र अकादमी से सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल की परीक्षा पास करके देश के प्रतिष्ठित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट धर्मवीर ने भी बच्चों को मोटिवेट किया। उन्होंने बच्चों को अपने कार्य में रूचि और अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर अपने विचार साझा किए। इस मौके बाबूलाल मास्टर जेरपुर, सतवीर पूर्व सरपंच भगडाना, संदीप, शिव कुमार चौहान, हरकेश चितलांग, अतर सिंह नांगल हरनाथ, गजराज मालडा, नरेश कुमार लावण, रामजीत पटेल धारूहेड़ा, धर्मवीर छाजियावास, सीमा शिमला, ममता पाली, नवनीत, हितेश, हवासिंह गडानिया, शीतल, सुषमा, पूजा उपस्थित रहीं।




**महेंद्रगढ़।** लेफ्टिनेंट धर्मवीर को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ब्लॉक स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में मॉडर्न स्कूल के प्रतिभागियों ने मारी बाजी

**महेंद्रगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न प्रकार की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें हमारे स्कूल से वाद–विवाद प्रतियोगिता में रिया व अंजली ने प्रथम, क्वीज में भविष्य, नवीन व लव कुमार ने प्रथम, डोकोमेन्ट्री फिल्म प्रतियोगिता में हर्ष ने प्रथम, पीपीटी में पंकज ने प्रथम, कविता पाठन में साहिल ने प्रथम तथा स्कीट में रिया, हंसीका, समीक्षा, अंकिता, कशीश, करीना सैनी, दिपांशी व दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विलालय में पहुंचने पर सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। चेयरमैन सतनसिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



**कनीना।** दिव्यांग को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दिव्यांगजनों के सम्मान में समारोह आयोजित

**कनीना।** केयर मोटिव ट्रस्ट द्वारा राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दिव्यांगजनों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के दिव्यांगजनों को ट्रस्ट द्वारा गर्म वस्त्र व आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण करके उन्हें सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इस समारोह की अध्यक्षता केयर मोटिव ट्रस्ट के अध्यक्ष रोशनलाल यादव के द्वारा की गई। समारोह के अध्यक्ष रोशनलाल यादव ने बताया कि दिव्यांगजन ईश्वर का ही एक साक्षात स्वरूप है, उनको घृणा की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के साथ हमें सहानुभूति पूर्ण व मानवोचित व्यवहार करना चाहिए, ताकि उनमें हीन भावना विकसित नहीं हो। समारोह के दौरान उपस्थित व्यक्तियों ने केयर मोटिव ट्रस्ट के इस मानवीय कार्य की सराहना की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संकल्प दोहराया कि वे भविष्य में भी दिव्यांगजनों की सहायता और उनके अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## अलविदा–2025 : मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए एडमिशन और ओपीडी शुरू होना सपने पूरे होने सामान

# जिले को मिली कई सौगात, कई घटनाओं ने झकझोरा

■ कई योजनाओं को लगें पंख, अभी ओर बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

साल 2025 का आज अंतिम दिन है। बीते इस एक वर्ष को अतीत में देखे तो जिला के लिए सुखदाई रहा। बड़ी घटनाएं कम और उपलब्धियां अधिक रही। इस साल जहां मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स के लिए एडमिशन शुरू हो गए, वहीं ओपीडी भी शुरू कर दी गई। यह सबसे बड़ी उपलब्धि रही। ट्रामा सेंटर का नवंबर माह में उद्घाटन हुआ तो स्वास्थ्य सेवाएं ओर तेज गति से दौड़ने लगी है। नांगल चौधरी बस स्टैंड भी शुरू हुआ। लॉजिस्टक हब और मेडिकल कॉलेज को सिंघाना रोड वाले नेशनल हाइवे से जोड़ने की मंजूरी भी सुखदाई रही। यहीं नहीं, राजनीति तौर पर 48 साल बाद दक्षिणी हरियाणा से जुड़े राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद मिला। वहीं ऐसी अनेक घटनाएं भी हुई, जहां क्षेत्र के लोगों को झिझोरकर रख दिया। नीरपुर गांव के तीन दोस्त सड़क हादसे में जिंदा जल गए।

### पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष व भाई के बीच विवाद



नारनौल। हरियाणा की पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं अटेली की पूर्व विधायक संतोष यादव के साथ उसके भाई पूर्व जीएम लाजपत राय के बीच संपत्ति विवाद जनवरी माह में थाना पहुंचा। लाजपतराय सहित उसकी पत्नी व बेटी पर केस दर्ज हुआ। यह विवाद शहर में महेंद्रगढ़ रोड स्थित कोठी को लेकर हुआ है। हालांकि आरोपित पक्ष यानी संतोष यादव के भाई लाजपत राय ने आरोपों को निराधार बताते हुए सवाल खड़ा किया था कि रातों रात दीवार खींचकर सामान फेंकना सही है।

### वकील व पुलिस के बीच विवाद, लाल चुनरी ढक पुलिस प्रशासन के पुतले' का संस्कार



नारनौल। जिला बार एसोसिएशन और पुलिस प्रशासन के बीच सितम्बर माह में विवाद हुआ। जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर जहां जिला के अदालतों में अधिवक्ताओं ने वर्कसस्पेंड रखा। वहीं बार परिसर से पुलिस प्रशासन का पुतला बना अंतिम संस्कार की तरह शव यात्रा निकाली। बार प्रधान संतोष सिंह यादव शव के आगे क्रिया हांडी लेकर चले। महावीर चौक पर आग लगा पुतले का दाह संस्कार किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और एसपी शब्द बोलने मुर्दाबाद के नारे भी अधिवक्ताओं ने लगाए।

### 'कार्यक्षेत्र' को लेकर किन्नर पक्षों में विवाद

नारनौल। दिसम्बर माह में कार्यक्षेत्र को लेकर किन्नर समाज में दो गुटों में विवाद बढ़ा। एक पक्ष भिवानी तो दूसरा पक्ष स्थानीय है। दोनों के बीच झगड़ा, मारपीट व धमकी देने का सिलसिला चला। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की। इसके बावजूद अभी तक दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है और पुलिस पैनी नजर रखे हुए है।

### कार एवं कैंटर की टक्करः कार में जलकर तीन दोस्तों की मौत



नारनौल। नेशनल हाइवे 152 डी पर बीती रात्रि करीब ढ़ाई बजे टोल प्लाजा से कुछ दूर एक कार एवं कैंटर में बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में अचानक से आग लग गई और उसके अंदर सवार तीनों दोस्तों (एडवोकेट राजकुमार यदुवंशी, रविदत्त व उनका ड्राइवर दोस्त प्रवीण) की जलने से मौत हो गई। तीनों एक ही गांव नीरपुर के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि इनके साथ एक अन्य दोस्त नीरपुर का ही गोल्ली भी था, जो दूसरी कार में सवार था और जब हादसा हुआ, वह उससे पहले ही वापस सकुशल गांव लौट आया और उसे हादसे का पता ही नहीं चला।

### घोषणा के 10 साल बाद नांगल चौधरी बस स्टैंड का उद्घाटन



नारनौल। विधायक रहते डा. अभय सिंह यादव ने 28 मई 2015 को नांगल चौधरी में विकास रैली आयोजित कर सीएम मनोहरलाल के समक्ष नांगल चौधरी में बस स्टैंड की मांग रखी। सीएम ने नांगल चौधरी में बहरोड रोड पर बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की। बाद में सीएम ने बजट मंजूर किया। विभागीय औपचारिताएं पूरी होने के बाद टैंडर छोड़ने के बाद दिसम्बर 2020 में ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद 13 नवंबर 2017 को बस स्टैंड का शिलान्यास रिमोट से सीएम मनोहरलाल ने किया। इस तरह कई तरह की अड़चन के बीच बजट बढ़ गया और निर्माण कार्य पर दो करोड़ 28 लाख 45 हजार खर्च हो गए। यह बस स्टैंड की जमीन आठ कनाल 11 मरला है। अब पिछले दिनों ही सीएम नायब सिंह सैनी ने नारनौल आगमन के दौरान इस बस स्टैंड का उद्घाटन रिमोट से किया।

### 1987 व 1995 में दो बार कनीना नगर पालिका प्रधान रहे राजेंद्र लोढ़ा का निधन



कनीना। नगर पालिका के पूर्व प्रधान 75 वर्षीय राजेंद्र सिंह लोढ़ा का चार दिसम्बर रात्रि में निधन हो गया। वे उस दिन दोपहर करीब तीन बजे अपने सहयोगी दीपक के साथ कनीना से डूंगरवास गांव में आयोजित एक शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। रेवाड़ी के बालाजी मार्केट के समीप पहुंचे, तो सामने से आ रही स्टेट कैरिज बस ने उनकी आल्टो को टक्कर मार दी। वे 1987 और 1995 में दो बार नगर पालिका के प्रधान रहे। वहीं वर्तमान में वार्ड नंबर 14 से बतौर पार्षद थे। वहीं उनकी पुत्रवधू डॉ. रिंपी लोढ़ा नगर पालिका की चेयरपर्सन हैं। वे कनीना मार्केट कमेटी के अध्यक्ष भी रहे थे।

### सालभर तारीख मिलने के बाद आखिर ट्रामा सेंटर का हुआ उद्घाटन

नारनौल। ट्रामा सेंटर भवन बनकर तैयार था। एक साल तक उसके उद्घाटन की तिथि कई बार मिली। हर बार टला। आखिर में 16 नवंबर को नारनौल आए सीएम नायब सिंह सैनी ने इस भवन का उद्घाटन किया और अब स्वास्थ्य सेवाएं वहां मिल रही है।

### नवंबर में सीएम ने दिए कई तोहफे



नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 16 नवंबर को जिला महेंद्रगढ़ को कई योजनाओं के तोहफे दिए। नई अनाज मंडी नारनौल में रविवार को महाराजा शूर सैनी जयंती के उपलक्ष में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला के लिए लगभग 83.70 करोड़ रुपये की 19 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव की ओर से नारनौल विधानसभा क्षेत्र के लिए रखी गई 27 मांगों को पूरा करने की घोषणा सीएम ने की। इसके अलावा सीएम ने नारनौल सैनी सभा को 51 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### राष्ट्रीय हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा की जमीन को लेकर रहा विवाद



नारनौल। हास्य रस के राष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा ने नारनौल में प्रेसवार्ता करके अपने ही परिजनों पर फर्जी साइनों से पैतृक संपत्ति बंटवारे के लिए सम्मन तामील और वकालतनामा तैयार करने के आरोप लगाए। वहीं दूसरे पक्ष उनके भाई पुष्करदत्त ने इन सभी आरोपों को नकारा। जनवरी माह से ही इस मामले ने तूल पकड़ा और दोनों पक्ष आमने–सामने आए। दोनों पक्षों ने अपने–अपने तर्क दिए।

### मौत के 57 दिन बाद शव का दाह संस्कार



कनीना। सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी 26 वर्षीय मोहित सुसाइड केस में पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट की ओर से पांच फरवरी को दिए गए फैसले के बाद परिजनों ने सात फरवरी को शव रिसीव किया। कर लिया। कोर्ट के फैसले के मुताबिक परिजनों की ओर से शव का तीन दिन में अंतिम संस्कार करने तथा उनके सहमत नहीं होने पर रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों की ओर से दाह संस्कार करने को कहा गया था। साथ ही वादी की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एसआईटी व जांच अधिकारी एसपी को भी बदली करने के आदेश भी दिए गए थे। जिसे लेकर मृतक युवक के परिजन शव का दाह संस्कार करने के लिए सहमत हुए।

### एनसीसी दाखिला विवाद सुलझाया

नांगल चौधरी। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बीते करीब 10 महीने से एनसीसी यूनिट को लेकर विवाद बना रहा। प्राचार्य बस्तीराम ने यूनिट को तोड़ने के लिए विभाग को पत्र लिख दिया। जिससे आक्रोशित अभिभावकों ने नवंबर माह में महापंचायत की। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सुनीलदत्त ने ऑनलाइन मीटिंग को अटेंड किया तथा उन्होंने स्वेच्छा से बच्चों को एनसीसी के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद उपस्थित हुए छात्रों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई।

### बिजली छापेमारी करने गई टीम पर हमला

नारनौल। शहर में निजामपुर रोड पर मोहल्ला सलामपुरा के साथ लगती भूप कॉलोनी में फरवरी माह में छापा मारने गई बिजली निगम की टीम पर एक परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। छापामार दल में शामिल कर्मचारियों से न केवल हाथापाई एवं मारपीट की गई, बल्कि मौके पर आई पुलिस की दुर्गा शक्ति की गाड़ी पर पेट्रोल छिड़क कर उसे आग लगाने का प्रयास किया गया। घायल कर्मचारियों को अस्पताल ले जाकर उपचार प्रदान कराया गया, वहीं इस मामले में सिटी पुलिस ने आरोपित पति पत्नी व बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया।

## एनएच–148 बी को पुनः नेशनल हाई-वे का दर्जा दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

**सांसद धर्मबीर सिंह ने शुरू किए प्रयास**

नारनौल से लेकर दादरी के आदमपुर के पूर्ववर्ती एनएच 148 बी को पुनः नेशनल हाई-वे के द्वारा टेक-अप किए जाने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि नारनौल से लेकर दादरी के आदमपुर तक की सड़क पहले एनएच 148 बी होती थी। वर्ष 2020 में किन्हीं कारणों से इस हिस्से को डी- नोटीफाई करके राज्य सरकार को सौंप दिया गया था। राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग के एचएसआरडीसी द्वारा फोरलेन बना दिया गया है। सबसे बड़ी समस्या शहर महेंद्रगढ़ के बाइपास की आ रही है। एक तरफ जहां नारनौल से आने वाले भारी वाहन अब शहर के बीचों-बीच होते हुए दादरी एवं सतनाली की तरफ जाते हैं। इससे शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है तथा साथ ही दुर्घटना का भी डर बना रहता है। सांसद ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस हिस्से को पुनः एनएचएआई को सौंपने बारे राज्य सरकार की तरफ से प्रस्ताव बनाकर भेजने का निवेदन किया है।

## प्रजापति समाज ने अनीता को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। अनीता को सम्मानित करते समिति पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय प्रजापति महासभा एवं प्रजापति विकास समिति कनीना की ओर से गांव मूसनौता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रजापति समाज की बेटी अनीता पुत्री प्रहलाद ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल करने पर पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रा के गुरुओं को भी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्रा के माता-पिता, दादा-दादी को बधाई दी। समारोह का संचालन एडवोकेट सुरेंद्र कुमार ने किया। महासभा की ओर से ग्राम प्रधान राजवीर प्रजापति ने बेटी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है, बेटी ने पहले ब्लॉक, फिर जिला स्तर तथा अब प्रदेश स्तर पर अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि आशा है कि आगे भी बेटी राष्ट्रीय स्तर व अंतर राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करेगी। महासभा के युवा जिला अध्यक्ष एवं प्रजापति विकास समिति कनीना के प्रधान ठेकेदार बलवान सिंह ने कहा कि ऐसे बच्चों पर हमें गर्व होता है, जो आज सोशल मीडिया से दूर रह करके अपने लक्ष्य के ऊपर चलते हैं तथा उस लक्ष्य को पार करके दम लेते हैं। आज बेटी अनीता ने वो दिखाया है, जिस पर पूरे समाज को गर्व है। सेवानिवृत्ति मुख्य अध्यापक एवं महासभा के कोषाध्यक्ष रतिराम कनौजिया ने बताया कि बेटी अभी दो कदम दूर है, लक्ष्य से क्योंकि पहले ब्लॉक कर फिर जिला स्तर और अब प्रदेश स्तर को टॉप किया है। इसके बाद बारी है, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की। आशा है कि बेटी वहां भी परचम लहराएगी। सचिव अशोक कुमार प्रजापति ने कहा कि जब भी कोई होनहार ऐसे शिखर पर पहुंचता है, तो महासभा की ओर से उनको सम्मानित किया जाएगा। सरपंच सूबेसिंह ने बेटी को आशीर्वाद देते हुए बताया कि जहां भी बेटी को हमारी जरूरत महसूस होगी, वहां तैयार मिलेंगे। चाहे आर्थिक रूप से हो या मार्गदर्शन के रूप में हो। महासभा के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह प्रजापति ने सभी आए हुए साथियों का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### खंड कार्यालय में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

सतनाली मंडी। एसडीएम कनिका गोयल ने मंगलवार को सतनाली खंड कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनी व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की सभी शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि शिकायतों का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाने में विभागीय अधिकारी सजगता दिखाएं। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करके आमजन का जीवन सरल बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विभाग की पुरानी शिकायतें लंबित हैं, उनका शीघ्र समाधान करवाना सुनिश्चित करे और इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें।



### फाउंडेशन ने सोलर स्प्रे पंप मशीन की वितरित

नारनौल। एसएम सहगल फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ ब्लॉक के निहालावास, छाजियावास, देवास, नानगवास सहित 15 गांवों के 60 किसानों को सोलर स्प्रे पंप मशीन का वितरण किया गया। संस्था के कृषि विशेषज्ञ संजय अलोरिया ने बताया कि सोलर स्प्रे पंप से किसानों की लागत में कमी आएगी। फसलों को कीट व रोगों से सुरक्षा होगी, साथ ही उत्पादन बढ़ोतरी में सहायता होगी। संस्था के परियोजना समन्वयक रामदिया कश्यप ने बताया कि संस्था की ओर से किसानों के साथ बहुत से कृषि कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संस्था की ओर से सोलर स्प्रे पंप वितरित किए गए। इस पहल से छोटे किसानों को समय पर फसलों में छिड़काव की सुविधा मिलेगी। किराये की मशीनों पर निर्भरता कम होगी। इस मौके पर कृष्ण कुमार, पुष्पा, सोनम, पूजा, मोहित, सौरभ पाण्डे व राज कुमार उपस्थित रहे।



### विधायक ने शिक्षामंत्री से की मुलाकात

महेंद्रगढ़। विधायक कंवर सिंह यादव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के आवास पर भेंट की। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मांगें रखी। विधायक कंवर सिंह यादव ने राजकीय महिला महाविद्यालय एवं राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राजकीय महिला महाविद्यालय में नई साइंस बिल्डिंग तथा राजकीय महाविद्यालय में एक अकादमिक ब्लॉक के निर्माण की मांग की। विधायक ने कहा कि यदि राजकीय महिला महाविद्यालय में नई साइंस बिल्डिंग और राजकीय महाविद्यालय में अकादमिक ब्लॉक के निर्माण से महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। इससे उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे और छात्र-छात्राओं का भविष्य और अधिक सशक्त होगा। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने विधायक कंवर सिंह यादव की मांग पर आश्वासन देते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र में शिक्षा के विकास को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक द्वारा रखी गई मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

## नियामतपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशानिर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को नांगल चौधरी के गांव नियामतपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और सरकार की नीतियों पर चर्चा की। डीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार तथा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जनहितकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे।

उन्होंने कहा कि यह ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव की भौगोलिक और सामाजिक जरूरतों के अनुसार नई विकास योजनाएं तैयार करने का यह एक बेहतरीन अवसर है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सामाजिक सरोकारों पर बल दिया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें नशे जैसी जानलेवा बुराई से दूर रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक कार्यों और खेलकूद से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने गांव में अपनी अपनी योजनाओं और सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए।

## अटेली सीएचसी में हुई चौथी सफल सिजेरियन डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देते हुए अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी अटेली में चौथी बार सफल सिजेरियन डिलीवरी कराई गई। यह उपलब्धि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा दी गई आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और उनके सतत प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। सीएचसी में ऑपरेशन सुविधा शुरू होने से अटेली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिली है खासकर गरीब और मध्यम वर्ग को अब बाहर रेफर नहीं होना पड़ रहा। गांव खैरानी निवासी 23 वर्षीय अंजू ने ऑपरेशन के माध्यम से स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। सफल सिजेरियन डिलीवरी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने की, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति चौधरी, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशी भाटिया तथा एफआरयू प्रभारी डॉ. विजय कुमार यादव के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहा।

ऑपरेशन के बाद मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए गए। शिशु के परिवार ने अस्पताल में मौजूद सुविधाओं को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा सरकार की बदौलत यहीं ऑपरेशन से सुरक्षित डिलीवरी संभव हो सकी।

### नववर्ष के जश्न पर हुड़दंग करने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

नारनौल। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे नववर्ष का स्वागत सादगी व शालीनता से अपने परिवार के साथ घर पर रहकर करें। नववर्ष की पूर्व संध्या यानी 31 दिसंबर की रात्रि को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जश्न की आड़ में हुड़दंग मचाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए विशेष नाकाबंदी व चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे जिले में संवेदनशील स्थानों, मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों पर गश्त बढ़ाई गई है। यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं।

**तैयारी** | आरपीएस ग्रुप देगा 10 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा : पवित्रा राव

## नारी शक्ति व संस्कारों को शिक्षा दे रही स्लम एरिया टैलेंट संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



स्लम एरिया टैलेंट संस्था की ओर से नववर्ष के उपलक्ष्य में नारी शक्ति को समर्पित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक हन्नी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरपीएस शिक्षा संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रहीं, जबकि अध्यक्षता एडवोकेट नरेंद्र यादव गुवानी ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा, युवा साथी ग्रुप के प्रधान टिंकू, अमित यादव, सचिन अग्रवाल, मोनिका यादव, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष भीमसेन शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता नरोत्तम सोनी शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवित्रा राव ने कहा कि स्लम एरिया जैसी संस्थाएं साधनहीन होने के बावजूद भी जिस प्रकार प्रतिभाओं को निखार रही है, वह वास्तविक समाजसेवा है। उन्होंने स्लम एरिया संस्था के दस बच्चों को आरपीएस स्कूल में निःशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा देने से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता। संस्था जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा व संस्कार प्रदान कर रही है। नरेंद्र यादव एडवोकेट ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी का प्रसाद वितरित किया। विशिष्ठ अतिथि विपिन शर्मा व भीमसेन शर्मा ने स्लम एरिया टैलेंट संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि समाज में नारी सम्मान और समानता का सशक्त संदेश भी पहुंचाते हैं।

इसके अतिरिक्त पिहू जैन, शोभा, शकुंतला, नेहा, हरीश कुमार, साजन कुमार, हिमांशु, लक्ष्मी नारायण, हरीश, विवेक, विनय, पंकज, पिंकेश, सुरेन्द्र जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्लम एरिया टैलेंट संस्था के बच्चों ने भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने नृत्य, समूह नृत्य व लघु नाटिकाओं के माध्यम से नारी शक्ति, उसके संघर्ष, आत्मबल व समाज में उसकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। दर्शकों ने प्रस्तुतियों की भरपूर सराहना की। मंच संचालन नंदिनी व रीना ने किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संस्था के शिक्षक हन्नी गुप्ता, अतर सिंह, साहिल, निशांत, तनिष्का, नंदिनी, कशिश व मनीषा आदि मौजूद रहे।